# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
## Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : सम्बद्धता/3558
दिनांक : 1-12-2025

सेवा में,

1. सचिव/प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध संस्थान/महाविद्यालय,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

2. समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक/निदेशक
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, परिसर।
मेरठ।

**विषयः— छात्र/छात्राओं की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण हेतु हेल्प डेस्क का गठन किये जाने के सम्बन्ध मे।**

**महोदय/महोदया,**

आदेशानुसार सूचित किया जाता है कि संस्थान/महाविद्यालय/परिसर में अध्यनरत्त छात्र/छात्राओं की विभिन्न समस्याओं जैसेः— छात्र/छात्राओं से अभद्र व्यवहार, अवैध शुल्क, प्रयोगात्मक शुल्क, प्रवेश, छात्रवृत्ति, परीक्षा/परीक्षाफार्म से सम्बन्धित एवं आर्थिक शोषण आदि समस्याओं से छात्र/छात्राओं में अवसाद की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। जिससे छात्र/छात्राऐ अनुचित कदम उठा लेते है, जिसके निस्तारण हेतु महाविद्यालय/विश्वविद्यालय स्तर पर एक हेल्प डेस्क की स्थापना की जानी प्रस्तावित है। जिससे संस्थान/महाविद्यालय में अध्ययन छात्र/छात्राओं को होनी वाली समस्त कठिनाइयों का महाविद्यालय/विश्वविद्यालय स्तर पर ही त्वरित समाधान किया जा सके।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करते हुए अद्योहस्ताक्षरी को अवगत कराना सुनिश्चित करे।

**भवदीय,**

25.11.25

**कुलसचिव**

**प्रतिलिपिः—**

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
02. छात्र कल्याण अधिष्ठाता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
03. परीक्षा नियत्रंक, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
04. प्रभारी, वेबसाईट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
05. प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

**कुलसचिव**